एअर इंडिया ने वैस्ट जेट के साथ इंटरलाइन पार्टनरशिप की

वैंकूवर एवं टोरंटो के रास्ते कनाडा और अमेरिका के 30 से ज़्यादा गंतव्यों तक पहुँच बढ़ाई

गुरुग्राम, 17 अप्रैल 2026: एअर इंडिया ने आज कनाडा की प्रमुख लेज़र कैरियर, वेस्टजेट के साथ एक नई इंटरलाइन पार्टनरशिप की घोषणा की है। इसका उद्देश्य टोरंटो और वैंकूवर के दायरे से बढ़कर भारत और उत्तरी अमेरिका के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना है।

इस साझेदारी के ज़रिए यात्री एअर इंडिया और वैस्ट जेट की उड़ानों को मिलाकर एक ही टिकट पर यात्रा की योजना बना सकेंगे। जिससे उनकी यात्रा एवं बैगेज हैंडलिंग ज़्यादा व्यवस्थित हो जाएगी और उनके लिए यात्रा का अनुभव अधिक सहज हो जाएगा।

इस साझेदारी के माध्यम से, टोरंटो या वैंकूवर की यात्रा करने वाले एअर इंडिया के यात्री वैस्ट जेट के ज़रिए कनाडा के 17 शहरों और अमेरिका के 14 शहरों के लिए आगे की उड़ानें ले सकते हैं, जो इस प्रकार हैं:

- कनाडा के शहर: कैलगरी, एडमंटन, मॉन्ट्रियल, विनीपेग, हैलिफ़ैक्स, ओटावा, रेजिना, सास्काटून, केलोना, सेंट जॉन्स, प्रिंस जॉर्ज, विक्टोरिया, फोर्ट सेंट जॉन, टेरेस, क्रैनब्रुक, कोमोक्स, नानाइमो।
- यू.एस. के शहर: सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजिल्स, अटलांटा, डेट्रॉइट, ऑरलैंडो, फ़ीनिक्स, टैम्पा, नैशविले, लास वेगास, सैन डिएगो, फोर्ट लॉडरडेल, पाम स्प्रिंग्स, सांता एना, फोर्ट मायर्स।
- यात्री एम्स्टर्डम (शिफोल), पेरिस (चार्ल्स डी गॉल), लंदन (हीथ्रो) और लंदन (गैटविक) में एअर इंडिया के चुनिंदा यूरोपीय गेटवे – के ज़रिए हैलिफ़ैक्स, कैलगरी और सेंट जॉन्स तक भी जा सकते हैं।

एअर इंडिया के चीफ़ कमर्शियल ऑफ़िसर, निपुण अग्रवाल ने कहा: ”हमारे देशों के लोगों के बीच मजबूत रिश्तों और बढ़ते व्यापार के चलते कनाडा, एअर इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है। वैस्ट जेट के साथ साझेदारी

के ज़रिए हम अपने मेहमानों के लिए पूरे उत्तरी अमेरिका की यात्रा को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बना रहे हैं। इससे उन्हें एक टिकट पर यात्रा करने, लगेज की बेहतर हैंडलिंग के साथ–साथ घूमने के लिए ज़्यादा स्थानों के विकल्प भी मिलेंगे।

वैस्ट जेट ग्रुप के एक्ज़क्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट एवं चीफ कमर्शियल ऑफिसर, जॉन वेदरिल ने कहाः ''इस इंटरलाइन एग्रीमेंट के द्वारा, हम भारत और कनाडा के बीच यात्रा का दायरा बढ़ा रहे हैं। इससे हम दोनों एयरलाईन्स के मेहमानों के लिए पूरे उत्तरी अमेरिका के कई गंतव्यों तक यात्रा करना आसान हो जाएगा। यह साझेदारी एअर इंडिया की लंबी दूरी की उड़ानों तथा उत्तरी अमेरिका में वैस्टजेट की पहुँच– इन दोनों क्षमताओं को मिलाकर मेहमानों को यात्रा के नए और सार्थक विकल्प प्रदान करेगी और अंतिम गंतव्य तक उनकी यात्रा को बेहतर बना देगी।''

वर्तमान में एअर इंडिया कनाडा के लिए हर सप्ताह 17 नॉन–स्टॉप उड़ानें संचालित करती है, जिसमें टोरंटो के लिए हर सप्ताह 10 और वैंकूवर के लिए हर सप्ताह 7 उड़ानें शामिल हैं।

कनाडा जाने वाली वैस्ट जेट की उड़ानों से कनेक्ट करने वाले यूरोपीय गेटवेज़ के लिए, एअर इंडिया हर सप्ताह कुल 75 उड़ानें संचालित करती है; इनमें लंदन (हीथ्रो) के लिए 49, लंदन (गैटविक) के लिए 5, पेरिस (चार्ल्स डी गॉल) के लिए 14 और एम्स्टर्डम (शिफोल) के लिए 7 साप्ताहिक उड़ानें शामिल हैं।

इंटरलाइन यात्रा कार्यक्रम एअर इंडिया की वेबसाइट, मोबाइल ऐप और दुनिया भर के ट्रैवल एजेंट्स के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं।

About Air India group

The Air India group – comprising of full-service global airline, Air India, and value carrier, Air India Express – is spearheading a new era of Indian aviation. The Air India story began in 1932 when JRD Tata piloted the airline's inaugural flight and opened the skies for aviation in India. Today, Air India group employs more than 30,000 people, operates over 300 aircraft and carries customers to 60 domestic and 51 international destinations across five continents.

Returning to the Tata Sons in 2022 following 70 years under Government ownership, Air India group is during a five-year transformation program, Vihaan.AI. As part of the transformation, Air India has placed an order for 600 new aircraft.

In 2024, sister airlines Air Asia India and Vistara were successfully merged into Air India Express and Air India, respectively, and the Airline opened South Asia's largest aviation training academy. A new flying school and construction of a greenfield maintenance base, to be operational in 2026, is underway. In addition to receiving new aircraft, all existing aircraft are progressively undergoing a full interior refit.

With transformation underway across all facets of the business and India's rich legacy of hospitality, Air India is committed to being a world class global airline with an Indian heart.

For more stories on Air India, visit http://www.airindia.com/newsroom

PRESS CONTACTS

Air India
Ronit Baugh
ronit.baugh@airindia.com

Air India Press Office
Anuj Bakshi/ Apoorva Bansal
airindia@adfactorspr.com